# University in News on 18 August 2021

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : डीफार्मा की 60 सीटों के लिए 360 छात्रों ने किया आवेदन

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र से शुरू हो रहे डीफार्मा कोर्स को लेकर विद्यार्थियों ने काफी रुचि दिखाई है। पिछले दिनों आयोजित ऑनलाइन आवेदन में 60 सीटों के सापेक्ष 360 आवेदन आए हैं। इसमें दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसका कार्यक्रम अन्य डिप्लोमा कोर्सों के साथ जारी किया जाएगा। बता दें कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने नए सत्र से पहले विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की स्थापना की है, जहां स्ववित्तपोषित मेड पर बीफार्मा की 100 व डीफार्मा की 60 सीटों पर प्रवेश की हरी झंडी फार्मेसी काउंसिल से ले ली है। इसके बाद डीफार्मा के आवेदन लिए गए जबकि बीफार्मा में प्रवेश डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) की काउंसिलिंग से लिए जाएंगे। दूसरी तरफ विश्वविद्यालय प्रशासन ने संस्थान के लिए निदेशक व शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

अमर उजाला मिशन एडमिशन

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

### एमएससी, बीटेक व बीबीए के सेमेस्टर परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को एमएससी फूड प्रोसेसिंग एण्ड फूड टेक्नोलॉजी प्रथम सेमेस्टरए एमएससी कम्प्यूटर साइंस प्रथम सेमेस्टरए बीबीए छठे सेमेस्टर और बीटेक अन्तिम वर्ष के परिणाम जारी कर दिए है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि सभी परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर हैं।

## JAGRAN CITY PAGE I

### छात्रावास आवंटित

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने मेरिट के आधार पर छात्र-छात्राओं को छात्रावास का आवंटन कर दिया। निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी फोटो और मूल अभिलेखों के साथ 30 अगस्त तक छात्रावास के प्रोवोस्ट से संपर्क कर लें। यदि सीटें खाली रह जाती हैं तो 30 अगस्त के बाद सूची जारी की जाएगी। (जासं)